आईआईएम उत्कृष्ट स्कूल के शिक्षकों को ट्रेंड करेगा

एमओयू

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम रांची ने झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी), झारखंड सरकार के साथ एक एमओयू गुरुवार को किया। एमओयू पर आईआईएम निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और जेईपीसी की परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत आईआईएम झारखंड में 405 उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) स्थापित करने में अगले तीन साल के लिए राज्य सरकार का सहयोग करेगा। आईआईएम रांची इन स्कूलों केशिक्षकों को नेतृत्व प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में 80 स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईएम रांची के परिसर में जेईपीसी की ओर से आयोजित किया जाएगा। आईआईएम प्रभावी मूल्यांकन भी करेगा।

आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह सहयोग स्थानीय स्तर पर जवाबदेही के साथ वैश्विक उत्कृष्टता के लक्ष्य के तहत किया जा रहा है। मौके पर जेईपीसी की ओर से अभिनव कुमार मौजूद थे।

Hindustan_30.09.2022_Pg.12.